# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांकः—जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/10599/2026 दिनांकः 28 सितम्बर, 2026

**शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध**

## कार्यालय आदेश

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026—27 में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों में बी0एड0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाईन पंजीकरण (**Registration**) तथा प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अन्तिम तिथि दिनांकः 05 अक्टूबर, 2026 तक निर्धारित की जाती है। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026—27 में प्रवेश हेतु जिन छात्र—छात्राओं द्वारा समर्थ पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया समेकित रूप से पूर्ण नहीं की जा सकी है, वे भी सम्पूर्ण प्रक्रिया दिनांकः 05 अक्टूबर, 2026 तक सुनिश्चित कर सकते हैं।

ध्यातव्य है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा, जिसकी जिम्मेदारी यथासम्बन्धित की होगी।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

01. माननीय कुलपति जी।
02. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
03. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
04. कुलानुशासक, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
05. प्रभारी—प्रवेश प्रकोष्ठ, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
06. डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी—समर्थ पोर्टल, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
07. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
08. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
09. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः—शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला—बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः—277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com